दिनांक 24 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नेहरू नगर चौक से सूर्यामाल चौक तक डिवाइडर का होगा रंगरोगन एवं संधारण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर चौक जो की महत्वपूर्ण चौराहा है यहां से लेकर अग्रसेन चौक होते हुए केपीएस चौक होते हुए सूर्या माल चौक तक के रोड साइड डिवाइडर का संधारण एवं रंग रोगन का कार्य किया जाना है कथा डिवाइडर के छूटे हुए स्थलों पर पौधे भी लगाए जाएंगे जिसके लिए निविदा आमंत्रित कर दी गई है! लगभग दो लाख 38 हजार की लागत से होने वाले इस कार्य में डिवाइडर के सौंदर्यीकरण किया जावेगा! शहर के व्यस्ततम मार्ग होने के कारण हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हुए खमरिया जुनवानी की तरफ जाते हैं इसलिए यह डिवाइडर महत्वपूर्ण हो जाता है! जिस को आकर्षक बनाने के लिए डिवाइडर का रंग रोगन का कार्य किया जाएगा, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत भी रोड डिवाइडर की सफाई की जाती रही है! जो भी एजेंसी कार्य करेगी उन्हें 2 महीने में कार्य पूर्ण करना होगा इस शर्त पर एजेंसी को कार्य करना होगा!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!